जनसंपर्क विभाग
अमेरिकी दूतावास

प्रेस समाचार

शांतिपथ, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली 110021 दूरभाष: 011-24198000 एक्सटेंशन: 8827 फैक्स: 011-24198817
ईमेल: mpl@pd.state.gov इंटरनेट वेबसाइट: http://usembassy.state.gov/delhi.html

24 जनवरी, 2005

भारतीय पुलिस अधिकारियों ने आतंकरोधी प्रशिक्षण प्राप्त किया

नई दिल्ली -- भारतीय कानून प्रवर्तन संगठनों के 22 पुलिस अधिकारियों ने आज अमेरिकी विदेश विभाग के एंटी-टेरोरिज्म असिस्टेंस प्रोग्राम (एटीए) के अंतर्गत आपात कार्रवाई (इंसीडेंट रिस्पांस कोर्स) का प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह कार्यक्रम 16 से 24 जनवरी, 2006 को सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन (सीबीआई) अकादमी, गाजीपुर, उत्तर प्रदेश में आयोजित किया गया।

इंसीडेंट रिस्पांस कोर्स के अंतर्गत पुलिस के निरीक्षकों तथा उपाधीक्षकों को सामान्य रूप से स्वीकार्य पद्धति तथा तरीकों के अनुरूप साइबर आतंकवाद से संबंधित साक्ष्यों को सुरक्षित और संरक्षित करने की कार्यविधि और डिज़िटल साक्ष्यों का पता लगाने तथा उन्हें जब्त करने का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें अधिकारियों को दस्तावेज, स्कैच, फोटोग्राफ तक पहुंचने के सही तरीके तथा संदिग्ध कंप्यूटरों तथा संबंधित सॉफ्टवेयर सहित आतंकी अपराध स्थल का पता लगाने के बारे में प्रशिक्षित किया गया।

यह आतंकरोधी सहायता कार्यक्रम अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा एंटी-टेरोरिज्म असिस्टेंट प्रोग्राम के अंतर्गत 2005 में भारत सरकार को दिए गए 10 कार्यक्रमों में से एक है। 1995 से अमेरिका और भारत में 38 एटीए प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 900 से अधिक भारतीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने भाग लिया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम और उपकरण हस्तांतरण हेतु लगभग एक करोड़ अमेरिकी डॉलर खर्च किए गए हैं।

एटीए कार्यक्रम का विचार आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में भारत-अमेरिका के मजबूत द्विपक्षीय संबंधों तथा भागीदारी का एक ठोस उदाहरण है।

***